हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

11 तस्करों की संपत्ति कुर्क करवाने, हत्यारों ...



12 पालिका कॉलोनी में 4 झुग्गियों में आग ...



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्तओं की शिकायतें सुनी जाएंगी 11 से 1:30 बजे तक
- जगदीश कॉलोनी के प्रभुतानन्द आश्रम में सुन्दर-काण्ड का पाठ सुबह 8.15 से 12.30 बजे तक
- पीजीआई में कर्मचारी और डॉक्टर काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे सुबह 9 बजे से
- सेक्टर फ्रैंड्स क्लब द्वारा सेक्टर-1 स्थित सेक्टर-प्राइड में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा सुबह 8.30 बजे से
- नगर निगम की टीम विशेष सफाई अभियान चलाएगी सुबह 9 बजे से
- रोडवेज कर्मचारियों का धरना जारी रहेगा सुबह 9.30 बजे से
- गोकर्ण डेरे के पास श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना और भंडारा सुबह 10 बजे से

## बिजली कट



- सुबह 9:30 से 12.30 बजे तक

प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, छोटूराम कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, ईएसआई डिस्पेंसरी, आजाद नगर, कमला नगर, चावला कॉलोनी आदि क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी

# जी का जंजाल बनी प्रॉपर्टी आईडी आज से सभी वार्डों में फिर कैंप

## 12 दिनों तक 22 वार्डों में 22 जगह, खुद बताएं अपनी संपत्ति की डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अपनी संपत्ति की सूचना खुद की प्रमाणित करना भी सिर दर्द बना हुआ है। बार-बार कैंप लगाए जा रहे हैं, लेकिन काम पूरा होते नहीं दिख रहा। इसका एक कारण ये भी है कि लोग कैंप में जाते हैं तो उनसे सिर्फ मोबाइल नंबर और नाम पूछा जाता है। इसके बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर उनकी समस्या ऑनलाइन ही आगे फॉरवर्ड कर देता है। ऐसे में मोके पर समाधान नहीं हो पाता। सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित में के काम में देरी की वजह बनी हुई कि मौके पर समाधान नहीं हो पा रहा। प्रोपर्टी आईडी की खामियां अभी तक प्रशासन का सिर दर्द बनी हुई हैं। बहुत कोशिशों के बाद भी नगर निगम प्रोपर्टी आईडी की खामियां ठीक नहीं करवा पाया है। अब शहर में दोबारा कैंप लगाए जाएंगे। संपत्ति की सूचना खुद की प्रमाणित करने के लिए शहर में 23 अप्रैल से 4 मई तक कैंप लगेंगे। ये कैंप सभी 22 वार्डों में 22 जगहों पर लगाए जाएंगे। कैंप में आकर कोई भी व्यक्ति अपनी संपत्ति की सूचना खुद प्रमाणित कर सकता है।

### ओटीपी देने से डर रहे

संपत्ति की सूचना खुद की प्रमाणित करने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर मांगा जाता है। इस मोबाइल नंबर और नाम को ऑनलाइन पोर्टल पर भेज दिया जाता है। वहां से आईडी ठीक करते समय एक ओटीपी संबंधित व्यक्ति के पास भेजा जाता है, लेकिन यह ओटीपी देने से लोग कतरा रहे हैं। उन्हें डर सताता है कि कहीं उनके साथ साइबर ठगी न हो जाए।

### सुविधा के लिए कैंप लगेंगे

"नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में आमजन की सुविधा के लिए और उनकी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए वार्ड अनुसार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस काम में और अधिक तेजी लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है, जोकि सम्पत्ति की सूचना को स्वतः प्रमाणित करवाने का काम करेंगे।
**-अजय कुमार, आयुक्त, नगर निगम, रोहतक।**

### नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं निकाल सकते

यदि किसी की सम्पत्ति का विवरण सही है तो नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे कैम्पो में सम्पत्ति की सूचना खुद ही प्रमाणित करवाएं। क्योंकि ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रोपर्टी आईडी के सम्बंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। अन्य कोई भी व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं निकाल सकता है। इसलिए जरूरी है कि बताएं कि प्रोपर्टी आईडी की डिटेल ठीक है या नहीं।

### आसान नहीं टारगेट पूरा करना

शहर में करीब सवा दो लाख प्रोपर्टी आईडी हैं। बहुत सी ठीक भी की गई हैं, जो ठीक की गई हैं उनकी डिटेल जानने के लिए लोगों से खुद प्रमाणित करने के लिए कहा जा रहा है। ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो। लेकिन करीब 30 हजार ही आईडी अब तक ठीक हो पाई हैं। ऐसे में टारगेट पूरा करने में बुत समय लग सकता है।

### यहां-यहां लगेंगे कैंप

| तारीख | वार्ड | स्थान |
|---|---|---|
| 23 अप्रैल | 1 | धर्मशाला, शास्त्री नगर, पेट्रोल पम्प वाली गली, हिसार बाईपास |
| | 2 | हनुमान मंदिर, नजदीक गोकर्ण तालाब, नेहरू कालोनी |
| 24 अप्रैल | वार्ड | |
| | 3 | श्रीराम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| | 4 | जाट धर्मशाला, नजदीक पुराना सीआईए स्टाफ, बाबरा मोहल्ला |
| 25 अप्रैल | 5 | आंबेडकर धर्मशाला, सलारा मोहल्ला |
| | 6 | सति भाई साई नाथ आश्रम, नजदीक पंजाबी शिव धर्मशाला गोहाना रोड |
| 26 अप्रैल | 7 | सैनी धर्मशाला, चमनपुरा, राहड़ रोड |
| | 8 | सामुदायिक केन्द्र आजादगढ़ |
| 27 अप्रैल | 9 | मैन अड्डा, चौपाल, बोहर गांव |
| | 10 | दादा बिशादे मंदिर, गांव बलियाणा |
| 28 अप्रैल | 10 | मोर वाली चौपाल, गांव खेड़ी साध |
| | 11 | जाट भवन, सेक्टर-1 |
| 29 अप्रैल | 12 | तिलक नगर धर्मशाला, तिलक नगर |
| | 13 | श्री ओमकारेश्वर मंदिर, झंग कॉलोनी |
| 30 अप्रैल | 14 | मातुराम कम्युनिटि सेंटर, गांधी नगर |
| | 15 | बाबा मूला संत मंदिर आर्य नगर |
| 1 मई | 16 | जैन धर्मशाला, रेलवे रोड |
| | 17 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| 2 मई | 18 | जागरण पार्क, जनता कॉलोनी |
| | 19 | सनातन धर्म बारात घर, शिवाजी कॉलोनी |
| 3 मई | 20 | शिव पार्वती मंदिर, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, भगवती चौक पार्क के पीछे |
| | 21 | डॉ. भीम राव आंबेकर पार्क, झज्जर चुंगी |
| 4 मई | वार्ड-22 | कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मैन अड्डा सुनारियां कलां |

# सुनारियां जेल में बंद पाकिस्तानी कैदी ने किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाकिस्तान के इमादुल्ला उर्फ बाबर अली ने सुनारियां जेल में फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। यह घटना 20-21 अप्रैल की रात को करीब 12 बजे हुई। इमादुल्ला को तुरंत जेल के अस्पताल में भर्ती करवाकर उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। आत्महत्या की कोशिश करने के मामले में शिवाजी कॉलोनी पुलिस ने इमादुल्ला के खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल इमादुल्ला उर्फ अली बाबर पंजाब पाकिस्तान के वासीवाला तहसील के दीपालपुर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह एक आतंकी संगठन से जुड़ा था। इससे पहले वह जम्मू कश्मीर की केंद्रीय जेल कोट भलवाल में था। सरकार के आदेशानुसार जम्मू कश्मीर से बदलकर उसे पिछले साल 10 अप्रैल को सुनारियां जेल में शिफ्ट किया था। वह यहां वार्ड 3 में बंद था। उसके खिलाफ 16 यूएपीए एक्ट 307 व आर्म्ड एक्ट समेत जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के उरी थाने में मामला दर्ज है।

घटनाक्रम के अनुसार इमादुल्लाह उर्फ अली बाबर ने 20 व 21 अप्रैल की रात लगभग 12:00 बजे अपनी सैल में ओढ़ने वाली चादर से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उस सेल में बंद अन्य कैदियों ने आंख खुली और शोर मचाया तो ड्यूटी पर तैनात कर्मचारीयो ने मिलकर ईमादुल्लाह उर्फ अली बाबर को नीचे उतारा। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी वार्डर सत्यवान, अनिल कुमार उप सहायक अधीक्षक, वार्डर जसबीर तुरंत मौके पर पहुंचे। ईमादुल्लाह को तुरंत जेल परिसर में स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं जेल अधीक्षक की शिकायत पर इमादुल्लाह के खिलाफ जेल नियमों का उल्लंघन करने पर शिवाजी कॉलोनी थाने में मामला दर्ज करवाया।

### 46 आतंकवादी बंद हैं

गौरतलब है कि रोहतक की सुनारियां जेल में खूंखार अपराधी व आतंकवादियों के लिए अलग से सेल बनाई गई है, जिसमें खास तौर पर जम्मू कश्मीर से बंदी व कैदियों को यहां रखा जाता है। सुनारिया जेल में 46 आतंकवादी बंद हैं, 19 को नजरबंद किया गया था। 27 विचाराधीन बंदी है।

# पीजीआई में ओपीडी के समय में बदलाव को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी के समय में बदलाव को लेकर सोमवार को सैकड़ों चिकित्सकों कर्मचारियों वह नर्सिंग स्टाफ ने निदेशक कार्यालय पर एकत्रित होकर नारेबाजी की और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए चिकित्सक संगठन के सचिव डॉ विवेक मलिक ने कहा कि वह पिछले करीब 20 दिनों से मरीजों के हित में ओपीडी का समय बदलने की मांग कर रहे हैं उसके बावजूद भी सरकार उनकी मांग को अनसुना कर रही है जिसके चलते कर्मचारियों में भारी रोज व्याप्त है इसलिए वह आज यहां पर अपना विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने कहा कि वह कोई अपने लिए मांग नहीं कर रहे हैं अपितु वे मरीजों के हित में ओपीडी का समय बदलने की मांग कर रहे हैं इसलिए सरकार को इस पर तुरंत निर्णय लेते हुए ओपीडी के समय को बदलना चाहिए। कर्मचारी संगठन के प्रधान रवि सांगवान ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती वह चुप बैठने वाले नहीं है क्योंकि यह मरीज के हित की बात है। रवि सांगवान ने कहा कि अन्य मेडिकल कॉलेज में भी ओपीडी जब सुबह 8:00 बजे खुलता है तो हरियाणा के साथ किया है भेदभाव क्यों किया जा रहा है। इस अवसर पर करीब डेढ़ सौ कर्मचारी मौजूद रहे।

# मदवि: पांच छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 5 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि प्रतिष्ठित बैंकिंग कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजिट की। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कंपनी की कार्यप्रणाली बारे जानकारी दी। तदुपरांत साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया। साक्षात्कार सत्र के बाद पूजा रोहिल्ला, सिद्धार्थ चारण, कृष्ण कांत, पारस व प्रीति का चयन किया गया। प्रो. दिव्या मल्हान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीसीपीसी उप निदेशक डा. सौरभ कांत था डॉ. अमन वशिष्ठ ने कार्यक्रम संचालन एवं समन्वयन किया।

संवाद करते अधिकारी





रोहतक। चुनाव प्रबंधन की बैठक को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री।

*चुनाव प्रबंधन की बैठक के बाद बोले मनोहर*

# कांग्रेस नहीं कर पा रही उम्मीदवारों की घोषणा, ऐसा लग रहा है हम वन साइड लड़ रहे हैं कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को रोहतक पहुंचे। यहां वे प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने आए थे। इस बैठक में रोहतक जिले की चारों विधानसभाओं के चुनाव प्रबंधन के लिए नियुक्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने सभी दसों सीटों पर लगभग एक महीने पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। कि लोकसभा व विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोल दिए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी और वह स्वयं विधानसभाओं में विजय संकल्प रैलियां भी कर रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की, जिस पर हमें भी ऐसा महसूस हो रहा है कि वन साइड कुश्ती हम खुद ही लड़ रहे हैं, कोई दूसरा खिलाड़ी सामने है नहीं। पूर्व सीएम ने कहा कि एक बात साफ हो गई है कि कांग्रेस किसी न किसी दुविधा में फंसी हुई है, जिस कारण प्रत्याशियों के नामों की सूची में देरी हो रही है।

फ्री मेगा + पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
कैंसर कैंप
25 अप्रैल 2024, वीरवार | सुबह 10 से 2 बजे तक
74 96 96 50 54 | Sector-35, Suncity, Rohtak

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

रोहतक, मंगलवार
23 अप्रैल 2024





विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# जीवन को निखार देती हैं किताबें

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

**किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।**

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ़ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

## विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा आ जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।


## किताब को बनाएं अपना साथी

मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।



## पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी।



### बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

**आपके किताबों** से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।

---

वर्किंग वूमेन / अंजू जैन



**हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।**

# आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं



अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'


अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।

**परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करें:** कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**वैल्यू एडिशन करें:** आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

**निरंतर सीखें नए स्किल:** दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

**काम को पूरे मन से करें:** सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें।



### लोगों के साथ अच्छे संबंध रखें

**पर्सनल लाइफ** हो या प्रोफेशनल, हमें अपने हर काम के लिए कुछ लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों के साथ हमारा व्यवहार, बोलचाल का तरीका और संबंध कैसा है, इस पर हमारी कामयाबी निर्भर करती है। प्रबंधन गुरु ऑग मेडिनो कहते हैं, 'बिजनेस में 90 फीसदी ग्रोथ आपके मानवीय संबंधों पर टिकी होती है।' हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा 10,000 लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि हमारी तरक्की में पढ़ाई-लिखाई, अनुभव और स्किल हमारी सिर्फ 15 प्रतिशत मदद कर सकती है। बाकी 85 फीसदी योगदान लोगों के साथ मानवीय संबंधों पर निर्भर होता है, इसलिए अपना व्यवहार हमेशा नम्र और विवेकशील रखें। इस 21वीं सदी में आप सिर्फ बुद्धि के बल पर किसी से नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी क्षेत्र में आपसे ज्यादा बुद्धिमान है।

---

**आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।**



# आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।

**कई तरह से उपयोगी :** आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है। आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

**ऐसे करें अप्लाई :** हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।



- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।
- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होती है।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी।

---

फिटनेस फंडा/ नीता शेट्टी

**सोनी सब चैनल के शो 'आंगन अपनों का' में दीपिका के रोल में नजर आ रहीं नीता शेट्टी शेयर कर रही हैं अपना फिटनेस फंडा।**

# स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा जरूरी है हेल्दी-फिट रहना



कई लोग स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए बड़ी मशक्कत करते हैं, हार्ड वर्कआउट करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करती। मेरा मानना है कि स्लिम और ट्रिम दिखना अच्छा तो लगता है लेकिन ऐसा दिखने से भी ज्यादा जरूरी है हेल्दी और फिट रहना, क्योंकि जब आप हेल्दी और फिट रहेंगी तब आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगी। आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी, पूरे दिन चुस्ती और स्फूर्ति बनी रहेगी।

**मेरी फिटनेस आइडियल हैं शिल्पा शेट्टी :** वैसे मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है, लेकिन जिस तरह से शिल्पा शेट्टी योगा और जिम के जरिए अपने आपको फिट रखती हैं, मुझे उससे काफी इंस्पिरेशन मिलती है। उन्होंने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर योगा के ट्रेंड की शुरुआत की थी।

**डेली डाइट प्लान :** मेरा कोई टफ डाइट प्लान नहीं है। डाइट को लेकर मेरा फंडा यह है कि आप दिन में हैवी और हेल्दी डाइट ले सकते हैं। यानी, ब्रेकफास्ट और लंच हैवी कर सकते हैं। शाम का नाश्ता थोड़ा लाइट लेना चाहिए। डिनर अगर देर में करना हो तो लाइट ही लेना चाहिए। अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर रहे हैं तो मीडियम ले सकते हैं। शाम को फल या सलाद खा सकते हैं, लेकिन वो भी कम मात्रा में। सुबह नाश्ते में मैं ओट्स या फ्रूट्स खाना प्रेफर करती हूं। लंच में ज्यादातर सब्जी, रोटी खाती हूं। कभी अगर मूड हुआ तो चावल भी ले लेती हूं। मेरा मानना है कि दिन के समय हैवी डाइट ले सकते हैं ताकि दिन भर एनर्जी बनी रहे लेकिन शाम की डाइट लाइट ही होनी चाहिए।

**वर्कआउट शेड्यूल :** जिस दिन मैं शूट नहीं कर रही होती हूं, उस दिन मैं कोशिश करती हूं कि उठने के बाद फ्रेश होकर जिम चली जाऊं। अगर सुबह नहीं जा पाई, तो शाम को चली जाती हूं। जिस दिन शूटिंग कर रही होती हूं, उस दिन जिम जाना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन जिस दिन जल्दी पैकअप हो जाता है, उस दिन तो मैं शाम को जिम चली ही जाती हूं। हालांकि मैं कोशिश जरूर करती हूं कि रोज जिम जाकर कुछ देर वर्कआउट करूं।

**मेंटल फिटनेस :** मेरा मानना है कि फिजिकल के साथ मेंटल फिटनेस पर ध्यान देना भी सभी के लिए बहुत जरूरी होता है। जिस तरह फिजिकल फिटनेस के लिए अपनी डाइट और वर्कआउट पर ध्यान देती हूं। उसी तरह मेंटली फिट रहने के लिए हमेशा खुश रहने की कोशिश करती हूं। जो भी करूं, दिल से और पॉजिटिविटी के साथ करने की कोशिश करती हूं। इसके अलावा मेंटली फिट रहने के लिए मैं पहले रेकी किया करती थी, हालांकि अब इतना टाइम नहीं मिल पाता है। लेकिन कोशिश करती हूं, जब-जब समय मिले कुछ देर मेडिटेशन जरूर करूं। इसके अलावा अच्छी मूवी देखकर, अच्छे-अच्छे गाने सुनकर खुद को खुश रखने का प्रयास करती हूं।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

---

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

# वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन

गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। गर्मियों में कई लोगों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। समर सीजन के दौरान आपको अपने शरीर में पानी की उपलब्धता को हर घंटे पूरा करते रहना चाहिए। अगर आप शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या को नजरअंदाज करें तो इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स और फ्रूट्स को शामिल कर सकती हैं। ये पानी से भरपूर फल आपके शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा करते हैं और आपको एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं।



**तरबूजः** एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो हमें तुरंत रीचार्ज होने में मदद करता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

**खीराः** खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।



**दही :** गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, फूलगोभी, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं।

इनके अलावा फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना, छाछ, नीबू पानी और सादा पानी पर्याप्त मात्रा में लेने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

---

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पोस्टर बनाकर मनाया पृथ्वी दिवस

**रोहतक।** केवीएम स्कूल में बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाए और प्रधानाचार्या व बच्चों ने मिलकर पौधा लगाए। प्रधानाचार्या ने बच्चों को पृथ्वी को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्या ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के बारे में जागरूक किया।



### एमडीयू छात्रों ने आईआईटी दिल्ली का भ्रमण किया

**रोहतक।** मदवि के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के दल ने आईआईटी दिल्ली के केंद्रीय पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव काद्यान ने प्रोफेसर डॉ. निर्मल कुमार स्वैन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के इस दल को हरी झंडी दिखाते रवाना किया और शुभकामनाएं दी। प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार सिवाच ने इस दल को शैक्षणिक दौरे संबंधित जरूरी हिदायतें दी।

### मॉडल स्कूल में यातायात नियमों की दी जानकारी

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा हुई और यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात नियमों पर व्याख्यान और यातायात आचार संहिता से संबंधित 18 लघु वीडियो दिखाई गई। इसमें कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इंस्पेक्टर अनिल कुमार एसएचओ ट्रैफिक ने कहा कि हमें बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन नहीं चलाना चाहिए।

### जाट कॉलेज में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी ब्वॉयज कैडेट्स और द्वितीय हरियाणा बटालियन एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने पौधरोपण कर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने पौधरोपण करके कैडेट्स को अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी सेवा करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में 51 पेड़ पौधे लगाए गए। प्राचार्या ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है।

### मदवि में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल को निखारने तथा संबंधित विषयों पर एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के साई सर्कल के तत्वावधान में सोमवार को संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रा महिमा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ईश ने दूसरा तथा आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## रोहतक पुलिस ने पुलिस लाइन में परेड का किया आयोजन

# तस्करों की संपत्ति कुर्क करवाने, हत्यारों व चोरों को पकड़ने वाले 18 जवान सम्मानित

### एसपी ने वीआईपी ड्यूटी के लिए अलग से बनाई गई सीपीटी टीम को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार को परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय काम करने वालों व वारदातों को जल्द हल करने वाले एएनसी स्टाफ, एवीटी स्टाफ व थाना आईएमटी के जवानों को 35 हजार रुपये का इनाम और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रभारी एएनसी पीएसआई मनोज और स.उप.नि. राजेश को नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 8 आरोपियों की सम्पति कुर्क करवाने पर 8 हजार रुपये का इनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**रोहतक।** प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग

#### भाई के हत्यारों को पकड़ने वाले सम्मनित

प्रभारी एवीटी स्टाफ सतीश, अमित, अनिल, मुख्य सिपाही हरीश, मुख्य सिपाही रंजीत, मुख्य सिपाही प्रवीण, सिपाही प्रवीण व सिपाही कर्मपाल ने महम एरिया में भाई की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी भाई व उसके दो बेटे को गिरफ्तार करने, 3 पिस्तौल, 106 कारतूस, 1 ट्रैक्टर व एक डम्पर बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक प्रशंसा-पत्र व 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही पीएसआई शुभम, मुख्य सिपाही राकेश, सिपाही राकेश को धोखाधड़ी की वारदात हल करने व 35 हजार रुपये की बरामदगी करने पर 5 हजार रुपये का नगद इनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

#### अलमारी ठीक के बहाने चोरी करने वाला पकड़ा था

स.उप.नि अनिल, मुख्य सिपाही जिलेसिंह, सिपाही देवेन्द्र को आर्य नगर में घर से अलमारी ठीक करने के बहाने से ज्वेलरी व रुपये चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सोने व चांदी के आभूषण, 73 हजार रुपये बरामद करने पर 5 हजार रुपये का नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया है। स.उप.नि संजीत, मुख्य सिपाही अमित को 2012 में दर्ज मामले फरार चल रहे पीओ को गिरफ्तार करने पर 2 हजार रुपये का नगद इनाम व प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

#### गश्त में रहें तुरंत मौके पर पहुंचे

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने वीआईपी ड्यूटी के लिए अलग से बनाई गई सीपीटी टीम को वीआईपी ड्यूटी से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने ईआरवी-राइडर पर तैनात सभी स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अपने एरिया में निरंतर गश्त में रहें व सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे। आपराधिक वारदात होने पर अपने उच्च अधिकारियों से तुरंत सम्पर्क करें।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहतक लोगेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुंडू, उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक राजीव, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। परेड में रोहतक के सभी प्रभारी थाना/चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला मे तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया।


**रोहतक।** पौधरोपण करते प्रधानाचार्य डॉक्टर आरके सैनी व कैडेट्स

## पेंटिंग में मुकुल प्रथम और मन्नू द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा अर्थ डे के उपलक्ष में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने पर्यावरण बचाओ विषय पर अनेक सुंदर चित्र आकृतियां बनाई। प्रतियोगिता में मुकुल प्रथम, मन्नू द्वितीय एवं विनय ने तृतीय स्थान हासिल किया। एनसीसी इंचार्ज प्रियंका सैनी एवं कैडेट्स ने विद्यालय प्रांगण के पौधों को पानी दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर आरके सैनी ने सभी कैडेट्स को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर नीलम सैनी, सुमन सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने का दिया संदेश


**रोहतक।** सनसिटी सेक्टर 36 ए स्थित स्टैपिंग स्टोन्स स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे के उपलक्ष में बच्चों को पर्यावरण व जीव जंतुओं की रक्षा करने का महत्व समझाया गया। जल को व्यर्थ न बहाने व पर्यावरण को साफ सुथरा रखने का संदेश भी दिया गया। कैसे हम अपने पर्यावरण को साफ रख सकते हैं, इसका संदेश बच्चों ने एक कहानी के माध्यम से दिया। इस दिन को खास बनाने के लिए बच्चों और अध्यापिकाओं ने नीले और हरे रंग के कपड़े पहने।




## विकल्प पब्लिक स्कूल में मनाया गया अर्थ डे

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में अर्थ डे के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन रोज सदन व कक्षा सातवीं द्वारा किया गया। रोज सदन के विद्यार्थी कुश, आरोही व दक्ष ने पृथ्वी सरंक्षण पर कविता की प्रस्तुती दी। इसके अतिरिक्त कक्षा चौथी व पांचवी के विद्यार्थियों ने अर्थ डे थीम पर पॉकेट बैज व हैंड बैंड बनाया। वहीं कक्षा नर्सरी से केजी तक के विद्यार्थियो के लिए ब्लू कलर डे का आयोजन किया गया। सभी बच्चे ब्लू कलर की वेशभूषा में आए। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे अर्थ मेकिंग बाए स्पंज, हैंड बैंड, फ्रिंगर टिप पेंटिंग आदि में भाग लिया। कक्षा छठी से दसवी तक के विद्यार्थियों के लिए सेव अर्थ सेव लाइफ थीम पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में पृथ्वी सरंक्षण के प्रति जागरूकता लाना रहा।

### राजेंद्र मलिक बने लायन्स क्लब रोहतक आस्था के प्रधान

**रोहतक।** लायन्स क्लब रोहतक आस्था की जनरल मीटिंग देर शाम पार्क क्वीन होटल में हुई। इसमें क्लब से पदाधिकारियों से हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। क्लब से सभी सदस्यों ने सेक्टर-1 के राजेंद्र मलिक को उनकी समाजसेवा क्षेत्र में भूमिका देखते हुए निर्विरोध प्रधान चुन लिया। नव नियुक्त प्रधान लायन राजेंद्र मलिक ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और क्लब को और आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर लायन सुभाष गुप्ता, डॉ. आशुतोष, विकास बंसल, राकेश गोयल, रविंद्र सिंगला, चंद्र गर्ग, अमरदीप भटनागर, प्रवीन जैन, डॉ. अंकित जेन, राजेश जैन आदि मौजूद रहे।



### पोस्टर मेकिंग, कैलीग्राफी और डिक्लेमेशन में विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग, कैलीग्राफी और डिक्लेमेशन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें पहली से पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने कैलीग्राफी में, दूसरी और कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण व पृथ्वी दिवस पर पोस्ट बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसमें सानवी, लक्षिता, हर्षित, इशिका, सृष्टि ने प्रथम, अंश, सेजल, प्रिंस, हिमानी, सार्थक, वंशिका ने द्वितीय, भूमिका, जयंत, मयंक, अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कृतिका, पलक, कुमकुम, वंशिका, भावना, सार्थक, आलोक, अकुल, चहक ने जेंडर इक्वलिटी, इंपोर्टेंस ऑफ़ इक्वलिटी विषयों पर भाषण प्रस्तुत किया। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान व प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान ने बच्चों के अद्भुत ज्ञान व कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर होने वाली इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है।



## एसजेके कॉलेज में मनाया पृथ्वी दिवस



**रोहतक।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज कलानौर में भूगोल विभाग, पर्यावरण क्लब व नेचर इंटरप्रेटेशन सैल के संयुक्त तत्वाधान पृथ्वी दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। उर्मिला दलाल ने इस दिन को मनाने के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. दीपा जुनेजा ने पृथ्वी संरक्षण पर बल दिया व बताया कि हम स्वयं को सबल बनाते हुए पृथ्वी के संसाधनो पर ध्यान दें ताकि आने वाली पीढ़ियों को अच्छा वातावरण प्रदान किया जा सके। डॉ. रीतू लाल ने बताया कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि के खिलाफ लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। डॉ. सुमन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. सतीश नरवाल, डॉ. रीतू शर्मा, संगीता, दीपक कुमार, सुरेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

### आर्य स्कूल मदीना में अर्थ डे पर दिया प्रकृति बचाने का संदेश



**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के प्रांगण में बच्चों ने पौधारोपण के साथ साथ सुंदर पेंटिंग्स बनाकर अर्थ डे मनाया। प्राचार्य अशोक दांगी ने बच्चों को बताया कि सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने 22 अप्रैल 1970 को पहला पृथ्वी दिवस मनाया था। डेनिस हेस ने 1990 में विश्व स्तर पर इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव रखा। साल 2016 में पृथ्वी दिवस को जलवायु संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया गया। हम सब नागरिकों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए जिसमें बच्चे सबसे ज़्यादा योगदान दे सकते हैं। हम सभी को हर महीने कम से कम एक पौधा ज़रूर लगाना चाहिए। इस मौके पर छात्रों सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## ब्लॉक कलानौर में आरंभ हुआ एफएलएन प्रशिक्षण शिविर



**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर आरंभ सोमवार को हुआ, जिसमें ब्लॉक के पीआरटी अध्यापकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण शिविर खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने किया। डाइट प्रवक्ता डॉ. मनु दहिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी अध्यापकों को शिक्षा में नवाचार संबंधी जानकारी देना तथा तकनीक के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाना है। बीईओ सुनीता चहल ने बताया कि विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त केआरपी इस शिविर में अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह प्रशिक्षण अलग-अलग बैच में चलेगा, जिसमें मास्टर ट्रेनर विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों को प्रशिक्षण देंगे।



## पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी

**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 9वीं अचीवर्स कक्षा के छात्रों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मंच संचालन वंशिका और प्रतिज्ञा ने किया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की इंटर लीग गतिविधियां करवाई गई। छात्रों ने आकर्षक वॉल हैंगिंग, पृथ्वी संरक्षण से संबंधित पोस्टर तथा निबंध के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है।

## पौधे संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अभिलाषा कन्या छात्रावास परिसर के मेघना गर्ल्स हास्टल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. सपना गर्ग ने छात्राओं को पर्यावरण एवं जल संरक्षण बारे जानकारी दी और समाज में इस बारे जागरूकता की अलख जगाने का आह्वान किया। मेघना हॉस्टल की वार्डन डॉ. सुनीता मल्हान ने छात्राओं को पक्षियों के लिए पानी-डालने व पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने पक्षियों के दाना-पानी के लिए दर्जन भर सकोरे लगाए तथा पौधारोपण किया।

### सुभाष बने वरिष्ठ नागरिक बुद्धिजीवी मंच के प्रधान

**रोहतक।** वरिष्ठ नागरिक बुद्धिजीवी मंच की सामान्य बैठक देर शाम सेक्टर-1 के पास पार्क क्वीन में हुई। बैठक के दौरान सुभाष गुप्ता को सर्वसम्मत्ति से प्रधान चुना गया। सुभाष गुप्ता लगातार समाज सेवा के कार्यों में आगे रहते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना आदि सेवा के कार्य में वे हमेश आगे रहते हैं। इसी को देखते हुए उन्हें वरिष्ठ नागरिक बुद्धिजीवी मंच की जिम्मेदारी दी गई है। नव नियुक्त प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि मंच को आगे बढ़ाएंगे और वरिश्ठ नागरिकों के लिए और सुविधाएं देने का प्रयास रहेगा। बैठक में डॉ. डीएस बधवार, डॉ. मारवाह, मधु नंदा, डॉ. नरूला, ओम कालरा, अनिल जैन, राजेंद्र मलिक, जगमोहन मित्तल, रमेश विग, एसके जैन, डॉ. वीके जैन, डॉ. सांघी, रविंद्र जैन, डॉ. मुंजाल और ललित जैन आदि मौजूद रहे।



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्रों ने अर्थडे पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में अर्थ डे ( विश्व पृथ्वी दिवस) मनाया गया। इस मौके पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जाट कॉलेज के छात्रों द्वारा सुनो नहरों की पुकार नामक नाटिका द्वारा जल संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। डॉ. रविंद्र नांदल ने डॉ. अब्दुल कलाम की विज़न 2070 पर आधारित पीपीटी के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। वहीं इस दौरान कक्षा चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं के छात्रों ने वृक्षों को न काटने व इस प्राकृतिक संपदा को नुकसान न पहुंचाने का संदेश दिया। भाषण कविताओं, गीतों के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश भी दिया। सभी बच्चों ने धरती को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया। बच्चों ने फाइव आर यानी रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल, रिफ्यूज, रीस्टोरेशन के बारे में बताया।

### इंडस स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर अनेक गतिविधियां आयोजित

# सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने पौधरोपण किया। कक्षा पांचवी के छात्रों ने पुराने अखबारों से पेपर बैग बनाए व कक्षा छठी के छात्रों ने बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट का प्रयोग कर सजावट के लिए प्रयोग की जाने वाली सामग्री बनाई। वहीं कक्षा सातवीं से दसवीं के छात्रों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने आज का विचार, शब्द व भाषण की प्रस्तुति द्वारा पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। प्रार्थना सभा में सभी छात्रों ने पौधे लगाने व प्रकृति को बचाने की शपथ भी ली। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव का यह कर्तव्य है कि प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दे। इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन शैली में बदलाव लाने होंगे व सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना होगा। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि आज विश्व के महानगरों में रहने वाले मानव अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अनेक बिमारियों से पीड़ति हैं। इसलिए हमें शुद्ध हवा में सांस लेने के लिए केवल एक दिन ही नहीं बल्कि हर रोज पृथ्वी दिवस मनाना चाहिए।



**रोहतक।** प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## स्वच्छता का संदेश दिया




**रोहतक।** जेकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलानौर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों ने पौधों को पानी दिया और विद्यालय प्रांगण की सफाई भी की। नर्सरी और यूकेजी के बच्चों ने पेंटिंग की। सभी बच्चों ने पृथ्वी को साफ रखने और पृथ्वी के सभी संसाधनों का उचित प्रयोग करने की शपथ ली। स्कूल प्राचार्या डॉ. सविता बिसला ने पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया।



### पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज में प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण सिंह बधवार के नेतृत्व में एनसीसी यूनिट ने पौधरोपण किया। कैडेट्स ने नीम, पीपल, अमरूद, जामुन, गुलाब, गेंदा, सदाबहार, तुलसी आदि के पौधे लगाए और साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए शपथ भी ग्रहण की। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता की प्रेरणा से यह आयोजन करवाया गया। लेफ्टिनेंट उन्मेष मिश्र ने कहा कि वृक्ष हमें आक्सीजन देते हैं, स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिए।

### चौ. बीरेंद्र सिंह व आशा हुड्डा ने कश्मीरी लाल को दी श्रद्धांजलि



**रोहतक।** आंवल के समाजसेवी दिवंगत कश्मीरी लाल कत्याल की रस्म-पगड़ी मातूराम कम्यूनिटी सेंटर में की गई। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा, विधायक भारतभूषण बतरा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा के साथ-साथ रोहतक से सांसद डॉ. अरविंद शर्मा की पत्नी रीटा शर्मा ने कश्मीरी लाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

## खबर संक्षेप



### सभी को करना चाहिए पौधरोपण : सहगल

**रोहतक।** विश्व पृथ्वी दिवस पर आरडब्ल्यूए सुभाष नगर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधान प्रवीन सहगल ने बताया कि हमें पौधरोपण जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप सहगल, अनुरोध शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, गुलशन मक्कड़, अनिता मक्कड़, अफसाना, अरूण, गौरव आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने रैली निकाल किया जागरूक

**सांपला।** सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को मतदान जागरूक रैली निकाली। रैली को प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मतदान एक राष्ट्र निर्माण करता है। रैली कॉलेज से शुरू होकर कस्बे के मुख्य रास्तों से गुजरी और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### निबंध प्रतियोगिता में हर्ष ने पाया प्रथम स्थान

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में सोमवार को कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने सम्मानित किया। बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हर्ष प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### 27 अप्रैल से 4 मई तक होंगी प्रेक्टिकल परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित सभी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की प्रेक्टिकल परीक्षाएं 27 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने दी।

# पालिका कॉलोनी में 4 झुग्गियों में आग, अगले महीने होनी थी बेटी की शादी, सामान राख

- दमकल वाहनों ने पाया तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







भिवानी रोड पर पालिका कॉलोनी में चार झुग्गियों में आग लग गई। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण पता नहीं लग पाया था। आग से झुग्गियों में रखा सामान जल गया। एक परिवार की बेटी की शादी अगले महीने ही होनी है, उसका भी पूरा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर शिवाजी कॉलोनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दरअसल पालिका कॉलोनी में कई साल से कुछ लोग झुग्गियों में रहे रहे हैं। इन झुग्गियों में रहकर और कूड़ा बीनकर वे परिवार का गुजारा करते हैं। सोमवार सुबह को सभी अपने-अपने काम पर गए हुए थे। अचानक झुग्गियों में आग लग गई। आसपस के लोग वहां एकट्ठा हो गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ियों भी पहुंच गई और बाग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया। यहां रहने वाले मांगे, कैलाश आदि ने बताया कि जिस समय आग लगी, उस समय झुग्गियों में कोई नहीं था। गनीमत रही कि कोई जान की हानि नहीं हुई। आग अचानक इतनी तेजी से फैली कि झुग्गियों में कोई होता तो उसकी जान जा सकती थी। आग से पंखे, चार पाई, गहने, संदूक, सिलेंडर आदि सब जलकर रख हो गए।

## मौसम 25 तक रहेगा परिवर्तनशील, दिन का तापमान बढ़ेगा और रात का गिरेगा

# महम में 4, रोहतक 3, सांपला-कलानौर लाखनमाजरा में एक-एक एमएम बरसात

- जिले की मंडियों में भीगा गेहूं, किसानों को रोकनी पड़ी कटाइ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** खुले में पड़ा गेहूं।

सोमवार की भोर रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्र में मौसम बदला। जिससे महम में 4, रोहतक में 3 और लाखनमाजरा, कलानौर तथा सांपला में एक-एक मिलीमीटर बरसात हुई। बूंदाबांदी से मंडियों खुले में पड़ा गेहूं भीगा है। अकेले रोहतक मंडी में 5-7 हजार बैग भीगे हैं। बूंदाबांदी की वजह से किसानों को कुछ घंटों के लिए गेहूं कटाई बंद करनी पड़ी। हालांकि दोपहर बाद फिर से काम प्रारंभ हो गया था। बताया जा रहा है कि गेहूं की कटाई का कार्य अब 60 प्रतिशत तक हो चुका है।उम्मीद है कि अगर मौसम साफ रहता है तो अगले एक सप्ताह में कटाई का तकरीबन काम पूरा हो जाएगा। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में मौसम आमतौर पर 25 अप्रैल तक परिवर्तनशील परंतु खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में हल्के बादल भी होंगे। दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने। परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। हल्की गति से हवाएं चलेंगी। परंतु 26 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव संभावित है, ऐसा डॉ. खिचड़ का कहना है।

### खरीफ बिजाई शुरू करें

रबी की कटाई का कार्य पूरा हो रहा है। वैसे ही किसानों को खरीफ की बिजाई में जुटना चाहिए। क्योंकि कपास समेत दूसरी फसलों की बिजाई का अब सही समय आ गया है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि कपास की अगेती किस्मों की बिजाई मई के पहले सप्ताह तक हर हाल में कर लें। क्योंकि इसके बाद तापमान में काफी बढ़ोतरी हो जाती है। और बीज के अंकुरण पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कम तापमान में जहां अंकुरण 80-85 प्रतिशत तक होता है। वहीं अत्याधिक बढ़ने पर प्रतिशत की दर 60-70 प्रतिशत तक रह जाती है। कपास के अलावा चारे वाली फसल ज्वार,लोबिया और मक्के की बिजाई भी गेहूं फसल से खेत खाली होने पर की जानी चाहिए।

### 110158 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

जिले से अभी तक 110158.66 गेहूं व 22961.99 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। 110158.66 मीट्रिक टन गेहूं में से कलानौर साइलो में 6217.04 मीट्रिक टन, किलोई में 6220.10 , लाखनमाजरा में 3865.47, मदीना में 4062.60 , महम में 16984.40, रोहतक में 45633.30 , सांघी में 6341.95 तथा सांपला मंडी में 20833.80 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। 22961.99 मीट्रिक टन सरसों में से कलानौर मंडी में 7234.13 , महम मंडी में 9277.28 , रोहतक मंडी में 2199.90 तथा सांपला मंडी में 4250.68 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

### नहीं था पूर्वानुमान

सुबह-सुबह बूंदाबांदी हुई। लेकिन इसको लेकर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने कोई पूर्वानुमान जारी नहीं किया था। बताया जा रहा है कि किसी भी क्षेत्र में अगर नमी की मात्रा एकदम से अत्याधिक बढ़ जाती है तो वहां बूंदाबांदी होती है। आमत्तौर उत्तर भारत में बूंदाबांदी इस समय पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर होती है। लेकिन हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ फिलहाल सक्रिया नहीं है। और इसके बाद बावजूद सवेरे बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी होने के चलते मंडियों में गेहूं भीगा है। बताया जा रहा है कि मंडियों से जिंस का उठान समुचित रूप से नहीं हो रहा है। हालांकि पिछले दिनों डीसी ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की मीटिंग करके उन्हें निर्देश दिए थे कि लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाएं। लेकिन फिलहाल तक ऐसा नहीं हो पाया है। दिन-प्रतिदिन आवक बढ़ती जा रह ही और उठान की गति पहले जितनी ही है।

## केवीएम नर्सिंग कालेज में सॉफ्ट स्किल प्रोग्राम का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गत शनिवार को डिफेन्स अस्पेन्ट लीडरशिप अकादमी द्वारा केवीएम नर्सिंग कालेज में साफ्ट स्किल प्रोग्राम के समापन समाहरोह का आयोजन किया गया। बता दें कि केवीएम कॉलेज में पिछले 20 दिनों से साफ्ट स्किल्स पर छात्राओं को प्रशिक्षत किया जा रहा है। ये प्रोग्राम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को समापन के दौरान छात्राओं ने अपने टेलेंट का प्रर्दशन किया। कार्यक्रम के दौरान केवीएम चेयरमैन कर्मवीर, डिफेन्स अस्पेन्ट लीडरशिप अकादमी के चेयरमैन परमिन्दर सिंह, डीएस देशवाल, डॉ., गुंजन मलिक, देवेंद्र मोर, केवीएम प्रिसिंपल डॉ. ज्योती शर्मा, सेजल कामरा, डॉ. कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय बहु अकबरपुर में प्रधानाचार्या दीपाली के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने स्लोगन, कविताओं एवं भाषण के माध्यम से पृथ्वी को प्रदूषण रहित करने एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। पृथ्वी संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। आचार्या गुंजन ने बताया कि हमें पृथ्वी के महत्व को समझना चाहिए तथा पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। एनसीसी कैडेट्स के परेड इंस्टेक्टर मेहर सिंह एवं सीटीओ सुमन सैनी के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स टीम द्वारा विद्यालय एवं पेड़ पौधों की सफाई की गई तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जन को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

# जसराना माइनर टूटी पानी भरने से नुकसान

**सांपला।** इलाके से गुजरने वाली सुसाना माइनर सोमवार की सुबह मोरखेड़ी के पास टूट गई। जिसकी वजह से कई एकड़ में पानी भर गया। सिंचाई विभाग ने दिनभर जेसीबी मशीन की मदद से माइनर को ठीक करके दोबारा से पानी छोड़ने की तैयारी कर ली है। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा जलघरों के तालाबों को भरने के लिए रविवार को जसराना माइनर में पानी छोड़ा था। सुबह करीब 7:00 बजे मोर खड़ी के पास माइनर टूट गई। जिससे आसपास के काफी खेतों में पानी भर गया। बेलदरों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। तभी विभाग का जेई नरेंद्र कुमार मजदूर व जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे। जबकि हेड से पानी को भी बंद किया गया। दोपहर बाद माइनर की पटरी व बेड ठीक किया गया। किसानों ने बताया कि हर वर्ष माइनर कहीं न कहीं से टूट जाती है और इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। किसान अनिल कुमार चांद सिंह आदि ने बताया कि कई एकड़ में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी, जबकि कुछ किसानों ने फसल काट रखी है और चारा बनवाना था। खेतों में पानी भरने की वजह से वह खराब होने की संभावना है। उधर, विभाग के नरेंद्र कुमार का कहना कि पुरानी माइनर होने के कारण बेड नीचे धंस गया और माइनर टूट गई। इसके तुरंत ठीक कर दिया गया और जल्द पानी छोड़ा जाएगा।

## ड्रोन टेक्नोलॉजी की उपयोगिता को रेखांकित किया

- जीआईएस डेवलपमेंट : मैपिंग थ्रू ड्रोन संगोष्ठी का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में सोमवार को जीआईएस डेवलपमेंटः मैपिंग थ्रू ड्रोन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय ने प्रायोजित किया। इस एक दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि किया। कुलपति ने महत्वपूर्ण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन करने के लिए भूगोल विभाग की सराहना की तथा संगोष्ठी हेतु शुभकामनाएं दी। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन तथा डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा बतौर विशिष्ट अतिथि संगोष्ठी में उपस्थित रहे। भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. महताब सिंह ने ड्रोन टैक्नोलोजी के महत्व तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। उन्होंने ग्लेशियरों के पिघलने, ग्रीन कवर की कमी, प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण आदि का उल्लेख किया। एमआरआईआईआरएस, फरीदाबाद की प्रोफेसर डॉ. ममता दहिया ने जियो स्पेशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान दिया। जियो सोल्यूशन इंडिया, गुरूग्राम से आई टीम- खुशपाल दहिया, अशोक कुमार, राकेश कुमार, उर्मिला तथा नरेन्द्र कुमार ने ड्रोन की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। संगोष्ठी संयोजिता प्रो. बीनू सांगवान ने आभार जताया। विभाग के प्राध्यापक प्रो. सचिन्द्र सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. केवी चमार, शोधार्थी व विद्यार्थी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# सरकारी ग्रांट पर खरीदे टैंकरों पर छपे हैं फोटो

- विधायक बलराज कुंडू ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन की शिकायत डीसी से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** पंचायत समिति द्वारा सीसर खास गांव में दिए गए पानी के टैंकर पर लगा भाजपा नेत्री राधा अहलावत व पंचायत समिति अध्यक्ष नवनीत राठी का फोटो।

महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने उपायुक्त अजय कुमार को हलका महम में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने की शिकायत की है। जिला उपायुक्त को लिखे पत्र में विधायक बलराज कुंडू ने कहा है कि हलका महम में लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। कुंडू ने जिला उपायुक्त को दी शिकायत में कहा है कि पंचायत समिति महम के फंड से पानी के टैंकर पंचायतों को दिए गए हैं। जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है। पानी के टैंकर लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने दिए हैं, न कि किसी राजनैतिक दल का प्रचार करने के लिए।

इन टैंकरों पर पंचायत समिति के महम के अध्यक्ष नवनीत राठी अपनी और राधा अहलावत की फोटो लगाई हुई है। यह फोटो किस अधिकार के तहत लगाई गई है। चुनाव आचार संहिता में सरकारी मशीनरी या सम्पत्ति पर अपना फोटो लगाकर प्रचार करने की अनुमति किस विभाग ने दी है। विधायक ने डीसी से तुरंत प्रभाव से मामले की जांच करवाकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### टैंकर से चुनाव प्रचार

टैंकर चुनाव प्रचार का काम कर रहे हैं विधायक कुंडू ने इसकी एक प्रति एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट और एक कॉपी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महम को भेजी है। गौरतलब है कि चुनाव आचार संहित लगने से कुछ माह पहले ही पंचायत समिति महम के अध्यक्ष नवनीत राठी ने खंड महम के विभिन्न गांवों में टैंकर वितरित किए थे। ये टैंकर पंचायत समिति सदस्यों को प्रदान किए गए थे। इसमें भाजपा नेत्री राधा अहलावत को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया था और भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा के आशीर्वाद से पंचायत समिति महम के अध्यक्ष बने नवनीत राठी ने शमशेर की पत्नी राधा अहलावत व अपना फोटो टैंकरों पर छपवाया था। विधायक बलराज कुंडू का कहना है कि अब भी हलके में राधा अहलावत व नवनीत राठी के फोटो लगे ये टैंकर चुनाव प्रचार का काम कर रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## फ्यूचर ऑफ जर्नलिज्म पर दो दिवसीय कार्यशाला

# पत्रकारिता घृणा फैलाने का माध्यम नहीं

- पत्रकारिता का भविष्य विजुअल स्टोरी टेलिंग का : त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार।

पत्रकारिता का भविष्य विजुअल स्टोरी टेलिंग का है। मोबाइल पत्रकारिता, वीडियो पत्रकारिता, यू ट्यूब आधारित वैकल्पिक पत्रकारिता का स्पेस भविष्य में बढ़ेगा। परंतु पत्रकारिता के मूल सरोकार वहीं रहेंगे। पत्रकारिता समाज में रोशनी लाने का कार्य करे, आग लगाने का नहीं। विद्यार्थियों को भविष्य की स्थिति का आकलन करते हुए पत्रकारिता करियर के लिए खुद को तैयार करना होगा। ये गुरूमंत्र प्रतिष्ठित पत्रकार, लेखक निधीश त्यागी ने सोमवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयेजित कार्यशाला में दिया। फ्यूचर आर्फ जनर्लिज्म पर दो दिवसीय कार्यशाला सोमवार को प्रारंभ हुई। निधीश त्यागी ने कहा कि पत्रकारिता का समावेशी होना, सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक राजनीतिक विविधता को समझना, सत्य-तथ्य आधारित होना, सूचनाओं के संज्ञान से असली खबर निकालना, सतह के तले की हकीकत को सामने लाना, तथा पूर्वाग्रह व दुराग्रह मुक्त होकर बात रखना हमेशा जरूरी रहेगा। पत्रकारिता घृणा फैलाने का माध्यम नहीं होना चाहिए, ऐसा उनका स्पष्ट मानना था।

निधीश त्यागी ने कहा कि भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करने के लिए मीडिया के विद्यार्थियों को पाठक तथा दर्शक मानसिकता, बदलते रूझान तथा सामाजिक मनोविज्ञान को समझने की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रोद्यागिकी-संपन्न भी भविष्य की करियर यात्रा के लिए बनना होगा, ये सलाह निधीश त्यागी ने दी। इस संवाद कार्यक्रम में निधीश त्यागी ने शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा एलुमनाई के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। पत्रकारिता का भविष्य एवं भविष्य की पत्रकारिता का सुंदर खाका उन्होंने अपने व्याख्यान में खींचा। विभागाध्यक्ष प्रो हरीश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो हरीश कुमार ने कहा कि भारत में पत्रकारिता का इतिहास गौरवशाली रहा है। पत्रकारिता बतौर मिशन स्वतंत्रता आंदोलन के साथ जुडी रही। भविष्य में लोकतांत्रिक तथा संवैधानिक मूल्यों के लिए आवाज उठाने का कार्य पत्रकारिता को करना होगा। सहायक प्रोफेसर सुनित मुखर्जी ने कार्यक्रम संचालन-समन्वयन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र-समाज के बुनियादी सवालों, गंभीर विषयों से पत्रकारिता को एन्गेज होना होगा। लोकतंत्र का अस्तित्व पत्रकारिता की प्रभावी भूमिका पर भी केन्द्रित रहेगा।

## मशीनों का उपयोग कुशलता को बढ़ाने में सहायक



**रोहतक।** विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. संजय सोनी।

- शिक्षा भारती विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में सोमवार को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शैक्षिक एवं अंग्रेजी विभाग प्रमुख शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि विषय मशीन्स विल डोमीनेट ह्यूमैन पर आधारित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस बात से अवगत करवाना रहा कि आधुनिकता के इस युग में हम सभी को इस बात को समझना जरूरी है कि मशीनों का उपयोग केवल हमारी कुशलता को बढ़ाने में सहायक होता है, लेकिन मशीनें कभी भी इंसान की जगह नहीं ले सकती हैं। कक्षा 9वीं से इशंत, 10वीं से जन्नत, कक्षा 11वीं से जानवी एवं 12वीं से विनिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. संजय सोनी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की क्रियात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं, जिससे उनके कौशल का विकास होता है। शिक्षा भारती विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, सदस्या बीना कौशिक व डॉ. दिनेश मदान ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।